कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-09.07.2024

विषयः- शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व अश्लील वीडियो वायरल करने के मामले मे वांछित अभियुक्त कृष्णा तिवारी थाना रोहनिया पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व मे थाना रोहनिया पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-0178/2024 धारा 376/366/323/504/506 भा0द0वि0 व 67 आई0टी0 एक्ट थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी से संबंधित नामजद वांछित अभियुक्त कृष्णा तिवारी पुत्र चन्द्रिका प्रसाद तिवारी उर्फ सुरेन्द्र तिवारी निवासी चाँदी गहना थाना चौरी जिला सन्त रविदास नगर (भदोही) हालपता ग्राम केशरीपुर थाना रोहनियाँ वाराणसी को आज दिनांक-09.07.2024 को समय करीब 07.10 बजे बच्छाँव बाजार थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना रोहनिया पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 23.06.2024 को वादिनी मुकदमा/पीड़िता ने विपक्षी कृष्णा तिवारी उपरोक्त द्वारा वादिनी/पीड़िता को शादी का वादा करके उसे बहला-फुसलाकर भगा ले जाने, शारीरिक सम्बन्ध बनाने, वादिनी के पति को मारने-पीटने, जान से मारने की धमकी देने व अश्लील विडियो बनाकर वायरल करने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया जिसके आधार पर थाना रोहनिया मे मु0अ0सं0-0178/2024 धारा 376/366/323/504/506 भादवि व 67 आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना निरीक्षक बनारसी यादव द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

कृष्णा तिवारी पुत्र चन्द्रिका प्रसाद तिवारी उर्फ सुरेन्द्र तिवारी निवासी चाँदी गहना थाना चौरी जिला सन्त रविदास नगर (भदोही) हालपता ग्राम केशरीपुर थाना रोहनियाँ वाराणसी, उम्र करीब 30 वर्ष।

बरामदगी का विवरण- 01 अदद एन्ड्रायड मोबाइल वीवो कम्पनी बरंग आसमानी जिसका IMEI-86265105294091052, 86265105294090252 बरामद।

आपराधिक इतिहास-

1.मु0अ0सं0-0178/2024 धारा 376/366/323/504/506 भादवि व 67 आईटी एक्ट थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी।

2.मु0अ0सं0-0371/2021 धारा 294/504/506 आईपीसी थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी।

3.मु0अ0सं0-0022/2020 धारा 504/506 आईपीसी थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- बच्छाँव बाजार थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी से दिनांक-09.07.2024 को समय करीब 07.10 बजे।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- प्र0नि0 राजू सिंह थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।

2- नि0 बनारसी यादव थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।

3- उ0नि0 अमित सिंह थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।

4- उ0नि0 अनुज कुमार सिंह थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।

5- हे0का0 चन्द्रसेन सिंह थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल

पुलिस उपायुक्त

वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।